वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 34 | शुक्रवार 2 जून 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## सिटी पैलेस में बच्चे सीख रहे गीता के श्लोक



### शिविर में आकार लेने लगी फ्रेस्को की प्राचीन लुप्तप्राय कला, पद्मनाभ सिंह ने बनाई फ्रेस्को पेंटिंग

**जयपुर. कासं।** महाराजा सवाई मानसिंह द्वितीय संग्रहालय, रंगरीत और सरस्वती कला केंद्र के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे पारंपरिक कलाओं के प्रशिक्षण शिविर में सवाई पद्मनाभ सिंह ने फ्रेस्को कला की बारीकियों और तकनीक को सीखा और स्वयं फ्रेस्को पेंटिंग बनाई। इस अवसर पर पद्मनाभ सिंह ने बताया कि पारंपरिक कलाओं को नवांकुर कलाकारों को सिखाने के उद्देश्य से यह शिविर लगाया गया है। जिसमें बच्चे बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और इसकी हमें बहुत खुशी है कि पारंपरिक और लुप्तप्राय कलाओं को सीखने के लिए नवांकुरों में उत्साह है। फ्रेस्को कला की आला गिला पद्धति को सीखने के लिए बच्चों का हुजूम लगा हुआ है। बच्चे अपने-अपने सब्जेक्ट बना रहे हैं। सिटी पैलेस की वॉल पेंटिंग्स के मोटिव्स की ड्राइंग करते हैं और उन्हीं के आधार पर फ्रेस्को पेंटिंग बना रहे हैं। बच्चे यह कला प्रतिष्ठित चित्रकार डॉक्टर नाथू लाल वर्मा के सानिध्य में सीख रहे हैं।

## जयपुर में 400 लोगों से धोखा, हड़पे लाखों रुपए

### मुख्यमंत्री योजना में आवास दिलाने का दिया झांसा, लाइन लगाकर घर पर वसूली रकम

**जयपुर. कासं**

जयपुर में 400 लोगों को धोखा देकर लाखों रुपए हड़पने का मामला सामने आया है। दो शातिरों ने मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण योजना के तहत आवास आवंटन का झांसा देकर धोखाधड़ी की। आवास दिलाने का वादा कर लाइन लगवाकर घर पर सभी से रुपए वसूले गए। प्रताप नगर थाने में पीड़ितों ने मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर बुधवार को FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने बताया कि महादेव नगर सांगानेर निवासी आत्माराम, बोली सवाई माधोपुर निवासी राजूलाल, चाकसू निवासी प्रभुदयाल और दुर्गापुरा सांगानेर निवासी मुरारी ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि सेक्टर-16 प्रताप नगर निवासी राजाराम अजमेरिया व उसके दोस्त राजीव ने 402 से अधिक लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। ठगी के शिकार सभी पीड़ित मजदूरी का काम करते है। ज्यादातर पीड़ित मजदूरी का काम आरोपी ठेकेदार राजाराम के पास करते है। ठेकेदार राजाराम के पास काम करने के कारण उसको जानते थे




और विश्वास भी करते थे।

### 50 रुपए का लिखवाया स्टाम्प

आरोप है कि साल-2018 में आरोपी राजाराम ने मजदूरों को मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण योजना के बारे में बताया। अधिकारी-कर्मचारियों से अच्छी जान-पहचान होने की बताकर योजना के तहत सभी को आवास आवंटन का झांसा दिया। खुद का मकान होने की सोचकर आरोपी के झांसे में आ गए। आरोपी राजाराम ने कहा कि सभी 50 रुपए का स्टाम्प लिखकर दे दो कि हमारे पास मकान नहीं है। आरोपी राजाराम ने अपने दोस्त राजीव के साथ उन्हें आवास दिलवाने की तीन-चार जगह बताकर दिलवाने का आश्वासन दिया। 24 अगस्त-2018 को अपने घर पर सभी को बुलाकर प्रत्येक से 5 हजार रुपए वसूले लिए।

## डोटासरा बोले-कौन कहता है करप्शन की जांच नहीं होती

### कहा-वसुंधरा सरकार भ्रष्टाचार में डूबी थी इसीलिए तो जनता ने उसे हटाया

**जयपुर. कासं**

बीजेपी राज के करप्शन पर कार्रवाई नहीं होने के सचिन पायलट के आरोपों पर अब कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने इशारों में पलटवार किया है। बीजेपी राज के करप्शन पर कार्रवाई नहीं होने और मिलीभगत के आरोपों पर डोटासरा ने कहा कि कौन कहता है कि जांच नहीं होती? करप्शन के हर मामले पर सरकार में कार्रवाई होती है, ऐसा कोई कह सकता है कि कार्रवाई नहीं होती। डोटासरा गुरुवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में मीडिया



से बातचीत कर रहे थे। मीडिया से बातचीत के दौरान कहा- यह कौन कह रहा है कि भाजपा की पिछली सरकार भ्रष्ट नहीं थी और आज मोदी जी की सरकार भ्रष्ट नहीं है। हम तो चिल्ला–चिल्ला कर कह रहे हैं कि मोदीजी की सरकार भ्रष्टाचार आकंठ में डूबी हुई है। वसुंधरा राजे की पिछली सरकार भ्रष्टाचार में आकंठ डूबी हुई थी, इसलिए तो जनता ने उनको हटाया है। बीजेपी राज के भ्रष्टाचार के मामलों की जांच नहीं होने के सवाल पर डोटासरा ने कहा- कौन कहता है कि जांच नहीं होती। जांच तो होती रहती है। जो मामले आते हैं तो एफआईआर भी होती है, सब पर कार्रवाई होती है। कोई ऐसा कैसे कह सकता है कि कार्रवाई नहीं होती? जहां भी भ्रष्टाचार सामने आया, वहां पर हमने आईएएस-आईपीएस को भी अंदर किया है। एसीबी में हमने सबसे ज्यादा मुकदमे दर्ज किए हैं। सबसे ज्यादा भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टोलरेंस है। डोटासरा ने कहा- हमारी सरकार के कामों पर किसी को कोई शक नहीं है। किसी को कोई शक करने की आवश्यकता नहीं है। कोई सुझाव दे, तो दे सकता है। सरकार ने करप्शन को लेकर जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है।

# जगत कल्याण के लिए की शान्ति धारा

## आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज का होगा भव्य प्रवेश, पुण्यवान जीवों के ही श्रेष्ठ विचार आते हैं: आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज

**अशोक नगर. शाबाश इंडिया**



वर्षों बाद आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज अपने संघ सहित त्रिकाल चौबीस की नगरी अशोक नगर में पधार रहे हैं ।आचार्य श्री के साथ मुनि श्री सुव्रत सागर जी महाराज का भी आगमन हो रहा जिनकी दीक्षा स्थली सुभाष गंज का विशाल मैदान है। यही उन्होंने चौदह वर्ष पहले जनेश्वरी दीक्षा ग्रहण कर मुनि मार्ग पर चलने का संकल्प लिया था चौदह वर्ष बाद उनके आगमन पर शहर को तोरण द्वार वैनरो झाडो से सजाया जा रहा है। हम सब को मिलकर आचार्य संघ की अगवानी करना है उक्त आश्य के उद्गार मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने सुबह सुभाष गंज में व्यक्त किए।इसके पहले आज मंगलाष्टक के साथ राजेश कासंल,अदभुद फैसन व रोहित सिघई किया गया। इसके बाद भगवान का अभिषेक किया गया तद उपरान्त जगत कल्याण की कामना महा शान्ति धारा की गई। जिसका सौभाग्य मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा, महावीर जैन, विक्की मिर्ची, साहिल जैन सहित अन्य भक्तों ने प्राप्त किया।

### विचारों की अभिव्यक्ति सब करना चाहते हैं...

मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने बताया कि आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज ससंघ का निरन्तर विहार चल रहा है। उन्होंने कहा कि पुण्य हीन जीवों के श्रेष्ठ विचार नहीं आते पुण्य वान लोगों के ही श्रेष्ठ विचार आते हैं विचारों की तो अभिव्यक्ति सब करना चाहते हैं करते भी हैं लेकिन किसी को ये अंदाजा नहीं है कि कब कहा क्या बोलना है कितना बोलना है लोग कुछ भी बोलते चले जाते हैं कई बार तो बोलने से विसंवाद खड़ा हो जाता है और स्थिति झगड़े की बन जाती है तो ऐसे बोलने से क्या फायदा जब भी बोले सोच समझ कर बोले जगत में श्रेष्ठ विचार वालो को ही अच्छा माना जाता है। **भारत की भूमि पर जन्म लेना भी पुण्य का उदय है:** आचार्य श्री विशुद्धसागरजी महाराज ने कहा कि भारत की भूमि पर जन्म लेना ही पुण्य का उदय मनना जिस भूमि पर श्रेष्ठ पुरुषो का जन्म हो वह भूमि भी पुण्य के योग से मिलती है उन्होंने कहा कि गुणी जनों की संगति करना चाहिए गुण के मिश्रण से फीका आटा भी मीठा हो जाता है वैसे ही हम यदि गुणवानों की संगति में रहेंगे **कुछ ना कुछ अच्छे गुण हमें भी प्राप्त हो सकेंगे:** उन्होंने कहा कि कुछ पाप ऐसे होते हैं जिनके करने पर पहे एहसास ही नहीं होता लेकिन जब उनका फल मिलता है तो उसको भोगना बहुत कठिन होता है पाप धर्म नहीं है पाप से बचना चाहिए इस काल में विवेक की आख को खोलकर रखना चाहिए जैन समाज अध्यक्ष राकेश कांसल, मंत्री राकेश अमरोद, कोषाध्यक्ष सुनील अखाई, थूवोनजी कमेटी के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र रोकड़िया, मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा, उमेश सिघई, विनोद मोदी, राजीव चन्देरी, सुनील अखाई, नितिन बज, आशीष अथाइखेडा, संजीव भारिल्ल, उमेश सिघई, शैलेन्द्र श्रागर,प्रदीप तारई, अरविंद पत्रकार, अशीष बजरंगी, नरेश एडवोकेट, अजित वरोदिया, मनीष वरखेडा, राजेन्द्र अमन मेडिकल, मुकेश हार्डी, श्रेयांस घेला, प्रमोद मंगलदीप, संजय केटी, टिकंल जैन, निर्मल मिर्ची, नवीन सर सहित अन्य भक्तों ने श्री फल भेंट किए ।

## श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा जयपुर में शिविर का शुभारंभ हुआ



जयपुर। श्री दिगम्बर जैन मन्दिर चन्द्रप्रभ जी दुर्गापुरा जयपुर में 1 जून प्रात:8 बजे अरिहन्त नाट्य संस्था एवं त्रिशला सम्भाग दुर्गापुरा के सहयोग से ARL Present's पहल-Theatre and Personality Development Workshop का उद्घाटन हुआ। संयोजिका चन्दा सेठी, रेणु पांड्या सुनीता पांड्या ने बताया कि इस वर्कशॉप में 8 वर्ष से 20 वर्ष तक के बच्चे भाग लेंगे । इस तरह की कार्यशाला समाज में पहली बार शुरु की जा रही है, जिसमे बच्चों का सर्वांगीण विकास होगा और खेल-खेल में ही बच्चों को तैयार किया जाएगा ।कार्यक्रम का दीप प्रज्वलन डाक्टर मोहन लाल शान्ता मणि ने किया। मन्दिर अध्यक्ष प्रकाश चन्द चान्दवाड़, मन्त्री राजेन्द्र काला, कार्याध्यक्ष सत्येंद्र पांड्या, सदस्य महावीर चान्दवाड़, भाग चंद बाकलीवाल, महिला मंडल अध्यक्ष रेखा लुहाड़ियाअन्य सभी समाज समाज श्रेष्ठि उपस्थित रहे।विशेष अतिथी श्रीमती शालिनि बाकलीवाल भी जो इसकी मुख्य संयोजिका है। उन्होनें भी आकर कार्यक्रम की शोभा बढाई। अंत मे कार्यक्रम निर्देशक अजय जैन ने विस्तार से सभी जानकारियां दी।

## आगरा में होगा ज्ञानसागर गुरु मन्दिर का निर्माण

**मनोज नायक. शाबाश इंडिया**



**मुरेना।** जैन सन्त सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर गुरूमन्दिर का निर्माण ताजनगरी आगरा में होने जा रहा है । प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरेना में जन्में छाणी परम्परा के षष्ट पट्टाचार्य, ज्ञानतीर्थ प्रणेता, सराकोद्धारक आचार्य श्री ज्ञानसागर जी महाराज की समाधि भगवान महावीर निर्वाण महोत्सव के दिन 15 नबम्बर 2020 को अतिशय क्षेत्र बारां (कोटा) राजस्थान में हुई थी । भारत में पूज्य गुरुदेव के भक्तों की संख्या लाखों में है । उत्तर प्रदेश की ताज नगरी आगरा में भी गुरुभक्तों की संख्या बहुतायत है । पूज्य गुरुदेव की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से आगरा के कमलानगर में शालीमार एनक्लेव में एक भव्य जिन मन्दिर का निर्माण हुआ था । जिसे विधानों वाले मन्दिर के नाम से भी जाना जाता है । ग्रेटर कमला नगर आगरा के गुरुभक्तों ने सर्वसम्मति से ज्ञानसागर गुरूमन्दिर के निर्माण का निर्णय लिया है । समाधिस्थ गुरुदेव श्री ज्ञानसागर जी महाराज के परम भक्त राजकुमार जैन गुड्ड, श्रीमती अनिता जैन, अनुराग, सोनल, दिया जैन परिवार ने गुरु मन्दिर के लिए वेदी एवं गुरुदेव की मूर्ति प्रदान करने की घोषणा की है ।

# सोनागिर में होगा गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी का चातुर्मास





**सोनागिर जी, ग्वालियर. शाबाश इंडिया**

स्वस्तिधाम प्रणेत्री गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी एवं गणिनी आर्यिका लक्ष्मीभूषण माताजी ससंघ का पावन वषायोग 2023 श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर जी (दतिया) मध्यप्रदेश में होगा। आज श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर जी में भारत गौरव, विदुषी लेखिका गुरुमां गणिनी आर्यिका श्री स्वस्तिभूषण माताजी ने 2023 का चातुर्मास सोनागिर सिद्धक्षेत्र में करने की घोषणा की। चातुर्मास घोषणा से पूर्व पूज्य गुरुमां ने ससंघ 1008 से अधिक भक्तों के साथ श्री सिद्धक्षेत्र सोनागिर पर्वत की बन्दना की। सोनागिर पर्वत की बन्दना के मध्य ही परम पूज्य मुनिश्री पुण्यसागर जी महाराज ससंघ, मुनिश्री मंगलानन्द जी महाराज ससंघ, मुनिश्री आदर्शसागर जी महाराज ससंघ, मुनिश्री सोमदत्तसागर जी महाराज ससंघ, गणिनी आर्यिका लक्ष्मीभूषण माताजी, गणिनी आर्यिका स्वर्णमति माताजी, क्षुल्लिका पूजाभूषण माताजी, क्षुल्लिका भक्तिभूषण माताजी के आशीर्वाद व सानिन्ध्य एवं स्वस्तिधाम प्रणेत्री गुरुमां गणिनी आर्यिका स्वस्तिभूषण माताजी के पावन निर्देशन में प्रतिष्ठाचार्य ब्रह्मचारी जयकुमार निशांत के आचार्यत्व में सोनागिर पर्वत पर श्री सहस्त्र कूट जिनालय की आधारशिला श्रावक श्रेष्ठि जौहरी लाल हरिद्वार, योगेश जैन खतौली वाले दिल्ली, राज कुमार जड़ीबूटी वाले शिवपुरी, कैलाश चंद माणक रमेश ठोलिया जयपुर द्वारा रखी गई। इस अवसर पर सोनागिर जी में दिल्ली, जयपुर, मुरार, मुरेना, लश्कर, डबरा, अम्बाह, ग्वालियर, करैरा, शिवपुरी, भीलबाड़ा, अजमेर एवं विभिन्न शहरों से हजारों की संख्या में गुरुमां के भक्त उपस्थित थे।

संकलन : अभिषेक जैन लुहाड़िया रामगंजमंडी

# अग्रवाल समाज को चुनावों में उचित भागीदारी की मांग



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष राधेश्याम अग्रवाल ने आगामी विधानसभा और लोकसभा चुनाव में अग्रवाल समाज को पर्याप्त प्रतिनिधित्व देने की मांग की है उन्होंने सभी प्रमुख राजनीतिक दलों से आग्रह किया है कि आगामी चुनावों में देश व समाज निर्माण में अग्रवाल समाज के उल्लेखनीय योगदान को मद्देनजर रखते हुए उन्हें आबादी के अनुपात में उचित भागीदारी दी जाए अन्यथा राजनीतिक दलों को इसका खामियाजा भुगतना पडेगा। सम्मेलन के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुभाष मित्तल और प्रदेश मीडिया प्रभारी डॉ. हेमंत भाई गोयल ने कहा है कि आजादी के बाद से आज तक सभी राजनीतिक दलों द्वारा अग्रवाल समाज की उपेक्षा की जाती रही है उसके बावजूद भी समाज के द्वारा चुनावों में आर्थिक सहयोग किया जाता रहा है लेकिन अब यह स्थिति बर्दाश्त से बाहर है। समाज की नवीन पीढ़ी राजनीतिक दलों के उपेक्षा पूर्ण रवैये से नाखुश है एवं उनमें भारी रोष व्याप्त है,जिसका स्पष्ट असर आगामी चुनावों में देखने को मिलेगा।

# श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में विशाल रक्तदान शिविर 4 जून को




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय दिगंबर जैन युवा परिषद मानसरोवर संभाग द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रविवार, दिनांक 4 जून को श्री दिगंबर जैन मंदिर वरुण पथ मानसरोवर जयपुर में सुबह 9:00 बजे से 2:00 बजे तक किया जाएगा। परिषद के अध्यक्ष अशोक बिंदायका व महामंत्री पारस जैन बोहरा ने बताया की परिषद के शिरोमणि सरक्षक सतीश कासलीवाल के पिताजी स्वर्गीय श्री कैलाश चंद्र जी जैन के पुण्य स्मृति में होने जा रहे इस रक्तदान शिविर में अब तक 32 से अधिक लोगो ने रक्त दान करने हेतु अपनी स्वीकृति दी हैं। युवा परिषद सभी लोगो से पुरजोर अपील करता है की ज्यादा से ज्यादा रक्त दान देकर इस पुण्य कार्य मे अपनी सहभागिता दे।

## वेद ज्ञान

# स्वयं को खोजो ईश्वर मिलेगा

ईश्वर को खोजना है। कहां खोजूं। ईश्वर की खोज की बात ही गलत है। स्वयं को खोजो, ईश्वर मिलेगा। स्वयं को खोजो, ईश्वर तुम्हें खोजेगा। स्वयं को न खोजा, लाख सिर पटको ईश्वर की तलाश में- और कुछ भी मिल जाए, ईश्वर मिलने वाला नहीं है। जो स्वयं को ही नहीं जानता, वह अधिकारी नहीं है ईश्वर को जानने का। उसकी कोई पात्रता नहीं है। पहले पात्र बनो। आत्म-अज्ञान सबसे बड़ी अपात्रता है। वही तो एकमात्र पाप है और सब पाप तो उसी महापाप की छायाएं हैं। सारे पापों से लोग लड़ते हैं- क्रोध से लड़ेंगे, काम से लड़ेंगे, लोभ से लड़ेंगे, द्वेष से लड़ेंगे, मद-मत्सर से लड़ेंगे -और एक बात भूल जाएंगे कि भीतर अंधकार है। ये सांप-बिच्छू उस अंधकार में पलते हैं। भीतर रोशनी चाहिए, प्रकाश चाहिए, आत्मबोध चाहिए। ध्यान की बात पूछो, ईश्वर की चर्चा ही मत उठाओ। हां, प्लास्टिक के फूल मिल सकते हैं बाजार में, मंदिरों में, मस्जिदों में, गुरुद्वारों में, गिरजों में। प्लास्टिक के भगवान हैं, आदमी के गढ़े हुए भगवान हैं। वे मिल सकेंगे और अगर तुमने ज्यादा मेहनत की, बहुत कल्पना को दौड़ाया, तो तुम्हारी कल्पना में भी धनुर्धारी राम का दर्शन हो जाएगा। सपना है वह, इससे ज्यादा नहीं। मोर-मुकुट बांधे हुए कृष्ण खड़े हो जाएंगे, वह भी तुम्हारी कल्पना है, इससे ज्यादा नहीं। जब तक तुम जागते नहीं हो भीतर, जब तक तुम भीतर सोए हुए हो- उसी को मैं आत्म-अज्ञान कह रहा हूं- तब तक तुम जो भी करोगे, गलत ही होगा। ईश्वर को क्यों खोजना है। अगर परमात्मा तुम्हें नहीं खोजना चाहता है और भागा-भागा फिरता है, तो तुम कितना ही खोजो, तुम्हारी बिसात कितनी है। तुम्हारे हाथ कितने दूर जा सकेंगे तुम्हारी पहुंच की सीमा है और वह असीम है। वह अपने को छिपा-छिपा लेगा। लोग अपने को खोजेंगे नहीं, ईश्वर को खोजने के लिए राजी हैं। इस एक प्रश्न के अतिरिक्त सारे प्रश्न व्यर्थ हैं, खोपड़ी की खुजलाहट से ज्यादा नहीं हैं। ईश्वर को खोजना चाहते हो ईश्वर यानी कौन। जब तक मिला नहीं, तब तक तो तुम्हें यह भी पता नहीं कि ईश्वर शब्द का अर्थ भी क्या होगा। सबकी अपनी-अपनी धारणा है। किस ईश्वर को खोजोगे।

## संपादकीय

# निरंतर बढ़ रहे हैं धोखाधड़ी के मामले

आधुनिक तकनीकी के दौर में आम लोगों की यह स्वाभाविक उम्मीद है कि उनके रोजमर्रा के कामकाज में सुविधा हो, लेकिन साथ ही उसमें कोई नुकसान न हो। लेकिन सच यह है कि जैसे-जैसे तकनीक पर लोगों की निर्भरता बढ़ रही है, उसमें कुछ नए तरह के जोखिम पैदा हो रहे हैं। खासतौर पर आर्थिक गतिविधियों या लेनदेन के मामले में बहुत सारे लोगों ने इंटरनेट या डिजिटल माध्यम का चुनाव उत्साह से इसलिए किया कि सुविधा और पारदर्शिता के साथ सुरक्षा भी सुनिश्चित हो। मगर हकीकत यह है कि साइबर तंत्र के विस्तार के समांतर लोग इसके खतरों का भी सामना कर रहे हैं। भारतीय रिजर्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट 2022-23 में कहा गया है कि बैंकिंग क्षेत्र में धोखाधड़ी के मामले बढ़े हैं और इसके तहत सबसे ज्यादा ठगी का निशाना डिजिटल लेनदेन रहा। रिपोर्ट के मुताबिक इस वित्त वर्ष में धोखाधड़ी के तेरह हजार पांच सौ तीस मामले दर्ज किए गए, जो पिछले साल के मुकाबले काफी ज्यादा हैं। इसमें ऋण, कार्ड और इंटरनेट श्रेणी में सबसे ज्यादा ठगी की रिपोर्ट हुई। वित्त वर्ष 2021-22 में धोखाधड़ी के कुल नौ हजार सत्तानबे मामले सामने आए थे। हालांकि इसमें शामिल राशि में इस साल कमी आई है। दरअसल, इंटरनेट के विस्तार के साथ इससे जुड़ी सुविधाएं भी तेजी से लोगों के जीवन में अपनी जगह बनाती जा रही हैं। आज देश का एक खासा हिस्सा जरूरी खरीदारी से लेकर लेनदेन तक के लिए डिजिटल माध्यम का उपयोग कर रहा है। समस्या यह है कि लेनदेन या खरीदारी का यह जरिया जितना सुविधाजनक है, उतना ही संवेदनशील भी है। अगर इसका उपयोग करने में कोई चूक या लापरवाही होती है तो एक झटके में बड़ा नुकसान हो जाता है। इसी तरह, अगर कोई ठग किसी व्यक्ति को बातों में फंसा कर उससे आर्थिक लेनदेन से संबंधित कुछ संवेदनशील ब्योरे हासिल कर ले तो बैंक खाते से पैसे एक पल में गायब हो जाते हैं। पुराने दौर की परंपरागत ठगी के बाद अब डिजिटल माध्यम में भी जाल फैला कर धोखाधड़ी करने वालों ने एक नई समस्या खड़ी कर दी है।



सरकार की ओर से इस तरह के अपराध के संजाल से बचाव के लिए सुरक्षा तंत्र बनाने के दावे तो किए जाते हैं, लेकिन इस पर ठोस तरीके से रोक लगाना मुमकिन नहीं हो पाया है। रिजर्व बैंक की रिपोर्ट में एक अहम पहलू यह उभर कर सामने आया है कि पिछले तीन साल में निजी बैंकों ने सबसे ज्यादा धोखाधड़ी की सूचना दी है, लेकिन राशि के हिसाब से देखा जाए तो सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों से 2022-23 के दौरान सबसे अधिक पैसे गायब हुए। मुश्किल यह है कि बैंकिंग गतिविधियों या लेनदेन में सुविधा होने की वजह से लोग इस माध्यम का चुनाव तो कर लेते हैं, लेकिन इसके सुरक्षित उपयोग के लिए जरूरी प्रशिक्षण ज्यादातर लोगों के पास नहीं होता है। औपचारिक तौर पर स्मार्टफोन या कंप्यूटर में इसके उपयोग से संबंधित कुछ तरीके जान कर लोग धड़ल्ले से पैसों का लेनदेन करते हैं और इसी क्रम में कभी-कभी वे साइबर अपराधियों के जाल में फंस जाते हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# आतंकी हिंसा

जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने अपना खौफ कायम रखने के लिए किस तरह के हालात पैदा किए हैं, यह किसी से छिपा नहीं है। मगर पिछले कुछ समय से उनके हमलों में जो नई प्रवृत्ति देखने में आई है, वह है सामुदायिक स्तर पर कुछ खास पहचान वालों को चुन कर मार डालना और उसके जरिए अलग-अलग समुदायों के बीच आपस में संदेह और दूरी बनाने का माहौल पैदा करना। इस तरह के टकराव पैदा करके शायद वे स्थानीय स्तर पर एक तरह से आपसी अविश्वास और उसके बाद अराजकता की स्थिति बनाना चाहते हैं, ताकि उन्हें अपनी असली मंशा को अंजाम देने के रास्ते आसान हो सकें। इसी मकसद से जम्मू-कश्मीर में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादियों ने सोमवार की रात को फिर एक मजदूर की गोली मार कर हत्या कर दी। यह इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। बीते एक-दो सालों से जम्मू-कश्मीर क्षेत्र में सक्रिय आतंकवादियों ने लक्षित हमले करके या तो किसी कश्मीरी पंडित को मार डाला या फिर किसी प्रवासी मजदूर को। सवाल है कि सुरक्षा व्यवस्था के मोर्चे पर हर स्तर पर मजबूत होने का दावा करने के बावजूद जम्मू-कश्मीर में लक्षित हिंसा की घटनाएं थम क्यों नहीं रहीं ! गौरतलब है कि आतंकियों के इस हमले में जान गंवाने वाला मजदूर जिस सर्कस में काम करता था, उसे अलग से सुरक्षा उपलब्ध कराई गई थी। हालांकि सर्कस से जुड़े लोगों के पास अपनी सुरक्षा भी थी। इसके बावजूद आतंकियों ने लक्ष्य करके बाजार से खरीदारी करते उस मजदूर को मार डाला। ऐसा लगता है कि इस तरह लक्षित हमलों के जरिए आतंकियों का मकसद अपनी गतिविधियों की ओर सबका ध्यान खींचना और सामुदायिक पहचान के आधार पर खौफ पैदा करना है। यों तो आतंकवाद में विश्वास करने वाले किसी भी व्यक्ति या समूह से मानवीयता या सिद्धांत की उम्मीद करना ही अपने आप में बेमानी है, लेकिन खुद आतंकवादी संगठन दुनिया के सामने खुद को सही ठहराने के लिए जो बातें परोसते और सरकारी तौर-तरीकों के गलत होने का आरोप लगाते हैं, उन कसौटियों पर वे खुद ही बहुत निचले स्तर पर जाकर भी अमानवीय हरकतें करने से नहीं हिचकते। आखिर किसी सर्कस में काम करने वाले मजदूर ने किसका क्या बिगाड़ा था? सच यह है कि आतंकवादी संगठन जिनके इशारों पर अपनी गतिविधियां चलाते हैं, उनका अकेला उद्देश्य भारत में अस्थिरता पैदा करना रहा है। लक्षित हमले करके अब वे लोगों के बीच अपनी मौजूदगी का खौफ कायम रखना चाहते हैं। यह जगजाहिर तथ्य है कि जम्मू-कश्मीर में आतंकवादी हमले और हत्याएं करने वाले संगठनों के तार सीमा पार से जुड़े हुए हैं। भारत की ओर से अंतरराष्ट्रीय मंचों पर बार-बार यह सवाल उठाए जाने और इस ओर दुनिया के अहम देशों का ध्यान जाने के बावजूद पाकिस्तान को शायद कोई फर्क नहीं पड़ता। जबकि अब यह सिद्ध भी हो चुका है कि पाकिस्तान स्थित ठिकानों से आतंकवादी गतिविधियां संचालित करने वाले संगठन भारत में सुरक्षा बलों से लेकर आम लोगों के खिलाफ आतंकी वारदात को अंजाम देते रहते हैं। इसमें कोई संदेह नहीं कि जम्मू-कश्मीर में तैनात सुरक्षा बलों की ओर से आतंकियों के खिलाफ चलाए जाने वाले अभियानों में कमी नहीं की जाती।

# श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर के प्रांगण में Summer Camp शिविर का आयोजन



**जयपुर।** 1 जून 2023 को अरिहंत नाट्य संस्थान द्वारा श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर थड़ी मार्केट मानसरोवर के प्रांगण में Summer Camp शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पहले ही दिन 40 बच्चों ने रजिस्ट्रेशन करवाया तथा बहुत से बच्चों ने शिविर में पंजीकरण का फॉर्म लिया।यह शिविर बच्चो में सर्वांगीण विकास करने तथा बच्चो की सभी प्रतिभाओं को एक मंच पर लाने का एक प्रयास हैं इस शिविर में ड्रामा एवम डांस भी होगा, आर्ट एवम क्राफ्ट भी होगा। ड्राइंग एवम पेंटिंग भी होगी। इस शिविर में बच्चो को खेल खेल में ये सारी चीजे सिखाई जाएगी। शिविर का उद्घाटन में राजेंद्र शाह एवम श्रीमती आशा शाह द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। इस शिविर की मुख्य संयोजिका श्रीमती नीता जैन एवम श्रीमती भंवरी जैन ने बताया कि इस शिविर में 8 से 20 वर्ष के बच्चे भाग ले सकते हैं। शिविर के आयोजक अजय जैन ने बताया कि कैसे इस शिविर के माध्यम से बच्चो की प्रतिभा का सर्वांगीण विकास हो सकता हैं। साथ ही कमलेश ने बताया कि इस शिविर के माध्यम से बच्चो में personality development एवम shy nature को कैसे दूर किया जा सकता है जिससे बच्चे stage पे audience को face कर सके। इस शिविर के उद्घाटन में स्थानीय मंदिर के अध्यक्ष पवन नगीना एवम मंत्री अनिल नसीराबाद वाले तथा युवा मंडल के अध्यक्ष एवम मंत्री के साथ महिला मंडल की सभी कार्यकारिणी सदस्य एवम बच्चो के परिवार वाले उपस्थित थे।

# संगीतमय णमोकार एवं जैन भजन संध्या का हुआ आयोजन

## पलकें ही पलकें बिछायेंगे जिस दिन बाबा मेरे घर आयेंगे



**विमल जोला. शाबाश इंडिया**


**निवाई।** जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ के जन्म कल्याणक दिवस पर जैन संगीत मण्डल निवाई के तत्वावधान में नसियां मंदिर स्थित जैन कालोनी मे संगीतमय 108 णमोकार महामंत्र एवं जैन भजन संध्या का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जैन समाज के प्रवक्ता विमल जौंला ने बताया कि जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर भगवान सुपार्श्वनाथ जन्म महोत्सव के चलते संगीतमय णमोकार पाठ अनुष्ठान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रेष्ठी महावीर प्रसाद मुकेश कुमार अनिल कुमार जैन पहाड़ी के परिवारवालों द्वारा भगवान आदिनाथ सुपार्श्वनाथ एवं महावीर स्वामी के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

# श्रीहरि हरात्मक महायज्ञ में यजमानो ने दी, 2 लाख 81 हजार आहुतियां



**विराटनगर. शाबाश इंडिया**

पौराणिक तीर्थ स्थल विराटनगर के श्री पंच खंडपीठ भीम गिरी पर्वत पर पंच खंड पीठाधीश्वर आचार्य स्वामी सोमेंद्र महाराज के सानिध्य में चल रहे 108 कुंडीय श्रीहरि हरात्मक महायज्ञ में गुरुवार को यज्ञ आचार्य गणेश दास महाराज ने प्रधान कुंड पर विराजित संतोष जैन सहित 141 यजमानों को 2 लाख 81 हजार आहुतियां दिलवाई। अब तक 16 लाख 42 हजार आहुतियां दिलवाई जा चुकी है। इस दौरान पर्वत के मध्य स्थित एकादश रुद्र पांडवेश्वर मंदिर के पास निमार्णाधीन स्थल पर बाबा श्याम जी की मूर्ति प्रतिष्ठा समारोह त्रिवेणी धाम से आए राम रिछपाल दास महाराज, एवं स्वामी सोमेंद्र महाराज के सानिध्य, पंडित गोपाल शुक्ल के आचार्यत्व में नरेश डालुका के यजमानत्व में संपन्न हुआ। जिसमें प्रातः मूर्ति का जलाधि वास तथा सायंकाल अन्नाधिवास का अनुष्ठान करवाया गया।

# जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक मनाया जोर-शोर से





**फागी. शाबाश इंडिया।** कस्बे के श्री आदिनाथ दिगंबर जैन मंदिर, मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर,पारसनाथ जैन मंदिर, चंद्रप्रभु नसिया तथा कस्बे के सभी जिनालयों सहित परिक्षेत्र के चकवाड़ा, चोरू, नारेड़ा, मंडावरी, मेहंदवास, निमेड़ा, लदाना के जिनालयों में आज जैन धर्म के सातवें तीर्थंकर सुपार्श्वनाथ भगवान का जन्म एवं तप कल्याणक भक्ति भाव के साथ जोर शोर से मनाया गया। जैन महासभा के प्रतिनिधि राजा बाबू गोधा ने मीडिया को अवगत कराया कि इससे पूर्व सभी जिनालयों में अभिषेक, शांतिधारा एवं अष्टद्रव्यों से पूजा हुई, तथा पूजा के दौरान जन्म एवं तप कल्याणक महोत्सव का अर्घ्य चढ़ाया गया, उक्त कार्यक्रम में फागी समाज के वयोवृद्ध कपूरचंद जैन , मोहनलाल झंडा, सोहनलाल झंडा,अग्रवाल समाज के अध्यक्ष महावीर झंडा, केलास कासलीवाल पं.संतोष बजाज, हरकचंद झंडा, महावीर बजाज, महावीर मोदी,राजेंद्र मोदी,पदम बजाज, सौभागमल सिंघल, मोहनलाल सिंघल, माणक कासलीवाल, कमलेश चोधरी, कमल झंडा, कमलेश झंडा, पवन मोदी, त्रिलोक जैन पीपलू वाले तथा राजाबाबू गोधा सहित समाज के काफी श्रावक श्राविकाऐं मौजूद थे।

# आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज का गुलाबी नगरी जयपुर में होगा चातुर्मास



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** परम पूज्य पुष्पगिरी तीर्थ प्रणेता गणाचार्य श्री पुष्पदंत सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य परम पूज्य संस्कार प्रणेता ज्ञानयोगी आचार्य श्री 108 सौरभ सागर जी महाराज का 29 वां पुण्य वषायोग 2023 का परम सौभाग्य गुलाबी नगरी जयपुर (प्रताप नगर) को प्राप्त हुआ है। इसी क्रम में आज लुलहारा हेतु विहार हुआ। जिसमे युवा मण्डल सेक्टर 8 के टी के जैन, शुभम जैन, अनमोल सेठी, सौरभ पाटनी, कौशल जैन शामिल हुए।



# महा अभिनंदन, प्रवचन एवं भगवान श्री परशुराम जी की शोभा यात्रा के पोस्टर का हुआ विमोचन




## जगतगुरु शंकराचार्य करेंगे संबोधित

**गंगापुर. शाबाश इंडिया।** महा अभिनंदन, धर्म संसद, प्रवचन, एवं भगवान परशुराम जी की की शोभा यात्रा के पोस्टर का विमोचन किया। ब्राह्मण समाज तहसील गंगापुर के अध्यक्ष रामेश्वर शर्मा द्वारा ब्राह्मण धर्मशाला में पोस्टर का विमोचन किया। साथ में डॉ मनोज शर्मा एडवोकेट परमानंद शर्मा शर्मा घनश्याम शर्मा अशोक शर्मा तहसील अध्यक्ष ब्राह्मण समाज हिंडौन सिटी देवीशहाय दत्तात्रेय शुभम तिवारी रमेश पाठक ब्रजकिशोर शर्मा गजानन सहरिया वैध कुंज बिहारी शर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। हिंडौन तहसील अध्यक्ष अशोक शर्मा व युवा अध्यक्ष शुभम तिवारी ने जानकारी देते हुए बताया कि हिंडौन सिटी में 4 जून 2023, रविवार को भगवान परशुराम जी की शोभायात्रा का आयोजन धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ हिंडौन सिटी में किया जा रहा है। जिसमें मुख्य रूप से जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती बद्रीनाथ धाम पधार रहे हैं उनका ब्राह्मण समाज तहसील हिंडौन से के द्वारा महाव नंदन किया जाएगा धर्म सभा रखी जाएगी तथा उनके प्रवचन होंगे।

### निर्जला एकादशी के अवसर पर...

# शीतल शरबत पिलाकर रेल यात्रियों की सेवा की



**गंगापुर सिटी. शाबाश इंडिया**

निर्जला एकादशी के अवसर पर रेलवे स्टेशन पर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप द्वारा की जा रही जल सेवा के दौरान रेलयात्री के लिए शीतल शरबत की व्यवस्था की गई ।सुबह से ही सोशल ग्रुप के कार्यकर्ता यात्री गाड़ियों पर बड़े मनुहार के साथ में रेल यात्रियों को शीतल शरबत दिलवाने में व्यस्त हो गए। जलसेवा के संयोजक नरेंद्र जैन नृपत्या ने बताया कि आज जयपुर बयाना पैसेंजर गाड़ी, पारसनाथ एक्सप्रेस,आगरा पैसेंजर गाड़ी, अवध एक्सप्रेस ,सोगरियागाडी नंदा देवी एक्सप्रेस,कोटा मथुरा पैसेंजर ,कोटा पटना एक्सप्रेस ,देहरादून एक्सप्रेस आदि यात्री गाड़ियों पर रेल यात्रियों को शरबत पिलाया गया। जल सेवा के दौरान शहर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सीताराम गुप्ता एडवोकेट ,गोपाल दिक्षित, नागेश लोहड़ी अपने दर्जनों मित्रों के साथ जल सेवा में सहयोग करने के लिए आए और अपने हाथों से यात्रियों को जल एवं शीतल जल एवं शरबत पिलाया।

# महावीर इंटरनेशनल रॉयल का सेवा कार्य



## माहवारी स्वच्छता दिवस पर महिलाओं में बांटे सेनेटरी नैपकिन

**ब्यावर. शाबाश इंडिया**

महावीर इंटरनेशनल रॉयल ब्यावर केंद्र द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महावारी स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता दिवस के अवसर पर विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में गत चार दिवस से विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सेनेटरी नेपकिन बांटे जा रहे हैं। कार्यक्रम संयोजक विनय डोसी ने बताया कि पूरे देश में एक साथ महावीर इंटरनेशनल अपेक्स द्वारा संचालित गरिमा प्रोजेक्ट के अंतर्गत झिझक छोड़ो, चुप्पी तोड़ो,खुलकर बोलो अभियान चलाया जा रहा है जिसके अंतर्गत गत चार दिवस से महावीर इंटरनेशनल रॉयल द्वारा मनरेगा में कार्यरत महिलाओं, ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाली बालिकाओं को सेनेटरी नेपकिन दिए जा रहे हैं।



# श्री महामंडलेश्वर श्री मनोहरदास जी महाराज ने दुर्गापुरा गोशाला में की गायों की सेवा



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर श्री मनोहरदास जी ने दुर्गापुरा गोशाला में की गायों की सेवा की। गोमाता सेवार्थ ग्रुप के अशोक जैन तथा गोपी अग्रवाल ने बताया कि सर्वप्रथम गोमाता सेवार्थ ग्रुप दुर्गापुरा गोशाला ने उनका भावभीना स्वागत किया तत्पश्चात उनके सानिध्य में गौ माता को हरा चारा, फल, सब्जियां, गुड, लड्डू आदि खिलाये तथा पूज्य श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया । उन्होंने दुर्गापुरा गौ माता ग्रुप के द्वारा की जा रही गौ माता की सेवा की प्रशंसा की।

# अन्तर्मना आचार्य श्री प्रसन्न सागर जी के प्रवचन से...

हमारी सोच और दृष्टिकोण.. आधे, अधूरे और अधमरे जीवन को, पुरा जीवन्त कर सकते है..!

एक रूप लावण्य से सजरी सवरी कन्या का मृत शरीर मरघट में पड़ा था। वहाँ से नगर का धनपति निकलता है, रूप सी कन्या के मृत शरीर को देखकर बहुत अफसोस करता है, कहता है - ये कन्या जीवित होती तो अपनी पत्नी बनाकर भोग भोगता। कुछ समय बाद वहीं से एक चोर निकलता है, कन्या के शव को देखकर दुःख मनाता और कहता है - काश ये कन्या जीवित होती, इसे अपनी पत्नी बनाकर सारी इच्छा पुरी करता। वहीं से वेश्या निकलती है, उस कन्या को देखती है और परमात्मा को कोसती है, तू भी अन्याय करता है परमात्मा। काश ये कन्या जिन्दा होती, इसे अपने साथ कोठे पर बैठाती और खूब पैसा कमाती। वहीं से एक जैन साध्वी निकलती है, कन्या के शव को देखती है और कहती है - काश ये बच्ची जिन्दा होती तो इसे सन्यास के मार्ग पर ले जाकर धर्म की प्रभावना करवाती। वस्तु एक, नजरिया अनेक। सच तो यही है कि हमनें दूसरों को देखकर अपना जीना हराम कर लिया है। जो हमारे पास होता है, उसका हमारी दृष्टि में कोई मूल्य नहीं होता। हमारी दृष्टि दूसरों की कमी देखने में रहती है या अभाव पर। यदि हमारे जेब में 90 रुपए हैं तो मन में एक ही बात खटकती है कि 10 रुपए कम क्यों है? हम 90 रुपए का सुख नहीं भोगते हैं बल्कि 10 रुपए का दुःख अवश्य भोगते हैं। हमारे पास जो है काश उसका सुख भोगें तो हम कभी अनावश्यक दुखी, परेशान नहीं हो सकते। पहले हम और आप अभाव में खुश रहते थे और आज खुशियों का अभाव सा हो गया है। हमारे सुख-दुःख का कारण हम ही हैं और कोई नहीं। इसलिए सोच समझ कर किसी को अपने मन की बात कहें, क्योंकि ये रिकोर्डिंग और स्क्रीनशॉट का जमाना है बाबू...!!!

नरेंद्र अजमेरा, पियुष कासलीवाल औरंगाबाद।



# अल्पसंख्यक समुदाय की महिलाओं ने की मुख्यमंत्री से मुलाकात

जयपुर. शाबाश इंडिया



मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अल्पसंख्यकों के उत्थान के लिए सुझाव प्राप्त करने हेतु मुख्यमंत्री निवास पर अल्पसंख्यक वर्ग में शामिल सभी समुदायों (जैन,सिक्ख, मुस्लिम,ईसाई,पारसी आदि) की महिलाओं से मुलाकात की। जैन समाज की ओर से श्रीमती अंजना जैन, श्रीमती सरोज कोचर, श्रीमती मीना चौधरी,श्रीमती रश्मि कोठ्यारी, श्रीमती ऋतु कासलीवाल, खुशबू जैन, मृदुला पाटनी, स्वगृही माओ, रश्मि जैन, अनिता जैन, शकुन्तला बिंदायक्या, सीए प्रियंका गोधा सहित लगभग 50 महिलाओं ने सहभागिता निभाई। इस मौके पर महिलाओं ने अल्पसंख्यक समुदाय के उत्थान के लिए सारगर्भित सुझाव दिए जिन पर मुख्यमंत्री ने शीघ्र ही अम्ल करने का आश्वासन दिया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com